# हेरिटेज निगम - किशनपोल जोन ने किए दस अवैध निर्माण सीज

जयपुर। नगर निगम हेरिटेज प्रशासन जयपुर के किशनपोल जोन क्षेत्र में गुरुवार सुबह दस अवैध निर्माणों को अस्थाई रूप से 180 दिन के लिए सीज कर दिया है। इस संबंध में हेरिटेज निगम के किशनपोल जोन उपायुक्त दिलीप भंभानी ने बताया कि दस अवैध निर्माण के खिलाफ कार्रवाई की गई है। इन सभी अवैध निर्माण को रुकवाने के लिए भवन मालिकों को नोटिस भी दिया गया था, लेकिन लगातार निर्माण कार्य जारी रखने के कारण जोन की टीम ने मौके पर निरीक्षण किया और काम को बंद करा सीजर की कार्रवाई की। इस दौरान सतर्कता शाखा का दस्ता भी मौजूद रहा। ये कार्रवाई
पुरानी बस्ती, सीकर हाउस, चांदपोल बाजार इलाके में की गई है। उन्होंने बताया कि जोन इलाके में अवैध निर्माणों पर लगातार निगरानी की जा रही है। निगम प्रशासन आगे भी सख्त कार्रवाई करेगा।

